HD-02

June - Examination 2016

B.A. Pt. I Examination

हिन्दी गद्य भाग – II (कथा साहित्य)

Paper - HD-02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : निर्देशानुसार दिए गए खण्डों मे से प्रश्न किए जाने अपेक्षित हैं।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(i) राजस्थान का कौनसा साहित्यकार 'बिज्जी' के नाम से जाना जाता है?

(ii) लहना सिंह किस कहानी का प्रमुख पात्र है?

(iii) ''खेल'' कहानी के रचनाकार कौन हैं?

(iv) महावीर प्रसाद सरस्वती पत्रिका के सम्पादक किस वर्ष बने?

(v) जयशंकर प्रसाद रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(vi) प्रेमचंद रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(vii) 'मधूलिका' जयशंकर प्रसाद की किस कहानी की प्रमुख पात्र है?

(viii) कहानी के किन्हीं दो भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ix) 'चीफ की दावत' कहानी का प्रमुख पात्र कौन है?

(x) 'मंशाराम प्रेम वैद' के किस उपन्यास का पात्र है?

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) प्रसाद युगीन कहानियों की विशेषताएँ लिखिए।

3) 'उसने कहा था' कहानी के शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

4) वापसी कहानी के आधार पर गंगाधर बाबू की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

5) ''पूस की रात'' कहानी की तात्विक विवेचना कीजिए।

6) संप्रसंग व्याख्या कीजिए।

मातृ प्रेम में कठोरता होती थी, लेकिन मृदुलता से मिली हुई। इस प्रेम में करूणा थी, पर वह कठोरता न थी जो आत्मीयता का गुप्त संदेह है। स्वस्थ अंग की परवाह कौन करते हैं? लेकिन वह अंग जब किसी वेदना से टपकने लगता है तो उसे ठेस और धक्के से बचाने का यत्न किया जाता है। बालक का करूण रोदन निर्मला को उसके अनाथ देने की सूचना दे रहा था।

7) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

रेलवे क्वार्टर का वह कमरा जिसमें उन्होंने कितने वर्ष बिताये थे, उनका सामान हट जाने से कुरूप और नग्न लग रहा था। आंगन में रोपे पौधे भी जान पहचान के लोग ले गए थे और जगह–जगह मिट्टी बिखरी हुई थी। पर पत्नी, बाल–बच्चों के साथ रहने की कल्पना में यह बिछोह, एक दुर्बल लहर की तरह उठकर विलीन हो गया।

8) 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी की संवाद–योजना पर प्रकाश डालिए।

9) प्रेमचंद युगीन उपन्यासों की विशेषताएँ लिखिए।

(खण्ड – स) **2 × 20 = 40**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अधिकतम शब्द सीमा 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) कहानी के उद्‌भव व विकास को समझाइए।

11) उपन्यास के उद्‌भव व विकास को समझाइए।

12) उपन्यास के तत्वों के आधार पर निर्मला उपन्यास की तात्विक विवेचना कीजिए।

13) 'चीफ की दावत' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।